थी तथा इसे शीघ्र पूरा करने का आश्वासन भी दिया था; और

(ख) यदि हां, तो कार्य कब प्रारम्भ होगा और इस पर कितना व्यय होने का अनुमान है?

**रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री महाबीर प्रसाद)** : (क) और (ख) झांसी रेलवे स्टेशन पर पूर्व से पश्चिम तक सभी प्लेटफार्म को जोड़ते हुए स्टेशन के पश्चिम की ओर स्थित स्प्री बाजार तक एक उपरी पैदल पुल का 33,88 लाख रुपये की अनुमानित लागत पर निर्माण किया जा रहा हैं और इसके मार्च 1990 तक पूरा हो जाने की संभावना है।

**सीकर जिले में नए रेलवे स्टेशन का आरम्भ**

2376. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राजस्थान में सीकर जिले में सीकर पूर्व के नाम से एक रेलवे स्टेशन मंजूर हुआ था;

(ख) यदि हां, तो रेलवे अधिकारियों द्वारा सर्वेक्षण पूरा होने के पश्चात् भी इस परियोजना पर अभी तक कार्य प्रारम्भ क्यों नहीं किया गया है; और

(ग) इस कार्य के कब तक पूरा हो जाने की सम्भावना है?

**रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री महाबीर प्रसाद)** : (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

**Hill Trains in the Country**

2377. SHRI PRAMOD MAHAJAN: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) what are the names of hill trains in the country giving their routes;

(b) which of them are remunerative; and

(c) what steps Railways propose to take about the routes which are not remunerative?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MAHABIR PRASAD): (a) There are no trains known as "Hill Trains". However some of the sections serving hill stations on which trains are running are, Kalka-Simla, Pathankot-Joginder Nagar, New Jalpaiguri-Darjeeling, Mettupalayam-Ootacamund and Neral-Matheran.

(b) None of these is remunerative.

(c) The following measures have been taken from time to time to reduce the losses:

(i) Introduction of Diesel Rail Cars;

(ii) Economy in staff.

(iii) Curbing ticketless travel.

(iv) Closure of unremunerative stations.

(v) Timely supply of wagons and efficient transhipment.

**Deaths at the time of crossing of railway lines**

2378. SHRI PRAMOD MAHAJAN: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state the number of deaths reported while crossing lines in the country during the last three years, yearwise?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MAHABIR PRASAD): Such statistics are not maintained.